RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 23 फरवरी 2024 | वर्ष 05 | अंक 302 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## महाराष्ट्र में उम्मीदवारों पर चर्चा के लिए कांग्रेस की बैठक,

### प्रकाश आंबेडकर पर सस्पेंस बरकरार?

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र कांग्रेस कमेटी ने लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा के लिए बैठक की। प्रदेश चुनाव समिति की बैठक रमेश चेन्नीथला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बाला साहेब थोराट समेत कांग्रेस के कई नेता शामिल हुए थे। बैठक को लेकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने जानकारी दी और दावा किया कि महाविकास अघाड़ी राज्य की 48 में से 42 सीटें जीतेगी।



इस बैठक में रमेश चेनिथला, नाना पाटोले, बालासाहेब थोराट, पृथ्वीराज चव्हाण, विजय वडट्टीवार, माणिकराव ठाकरे, प्रणिती शिंदे, वर्षाताई गायकवाड, नसीम खान, नितीन राऊत, विलास मोटेमवर, संजय निरुपम, विश्वजीत कदम, अमित देशमुख, असलम शेख, भाई जगताप, शिवाजीराव मोघे, हुसेन दलवाई, के. सी. पाडवी शामिल हुए थे। नाना पटोले ने बैठक की जानकारी 'एक्स' पर देते हुए लिखा, ''महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की राज्य चयन बोर्ड की बैठक मुंबई के तिलक भवन में चल रही है। यह बैठक महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रभारी श्री रमेश चेन्निथलाजी की मौजूदगी में हो रही है। इस बैठक में मेरे साथ कांग्रेस विधायक दल के नेता श्री बालासाहेब थोराट, विपक्ष के नेता श्री विजय वडेट्टीवार, विधान परिषद में कांग्रेस पार्टी के नेता श्री सतेज उर्फ बंटी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री नसीम खान, श्री चंद्रकांत हंडोरे, श्री प्रणीताई शिंदे, श्री कुणाल पाटिल, महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष (संगठन और प्रशासन), श्री नाना गावंडे और राज्य चुनाव बोर्ड के सदस्य उपस्थित हैं।'

## महाराष्ट्र में अब पुलिस अधिकारियों पर नहीं होगी फूलों की वर्षा...

## डीजीपी रश्मि शुक्ला ने लगाया प्रतिबंध!

मुंबईः महाराष्ट्र की डीजीपी रश्मि शुक्ला ने इस संबंध में एक आदेश निकाला है और तबादलों के बाद के ऐसे समारोहों पर रोक लगाने के आदेश दिये हैं। रश्मि शुक्ला का मानना है कि यह सब कुछ पुलिस बल की मानक प्रक्रिया के अनुरूप नहीं है। उन्होंने आदेश में कहा कि वरिष्ठ अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि ऐसा कोई कार्यक्रम न हो। साथ ही डीजीपी ने चेतावनी दी कि अगर कोई भी ऐसे समारोह आयोजित करते हुए देखा गया तो उस पुलिस अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।





### पिछल महीने बनी थीं डीजीपी

1988 बैच की आईपीएस अधिकारी शुक्ला (59) पिछले महीने राज्य की डीजीपी बनी हैं। इससे पहले वे केंद्र की प्रतिनियुक्ति पर सशस्त्र सीमा बल की महानिदेशक थीं तत्कालीन डीजीपी रजनीश सेठ के 31 दिसंबर, 2023 को सेवानिवृत्त होने के बाद मुंबई के पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर को डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था। रश्मि शुक्ला महाराष्ट्र की पहली महिला डीजीपी हैं। जब देवेन्द्र फडणवीस राज्य के मुख्यमंत्री थे और शुक्ला राज्य के खुफिया विभाग की प्रमुख थीं।

### डीजीपी ने क्यों लगाई रोक?

माना जा रहा है कि रश्मि शुक्ला ने यह आदेश इन इनपुट्स के आधार पर निकाला है कि तबादलों के बाद के विदाई समारोह आयोजित व प्रायोजित करके और फिर इनकी फोटो या विडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करके संबंधित पुलिस अधिकारी या कर्मचारी अपनी यह छवि बनाना चाहता है कि वह कितना अच्छा अधिकारी है और अपने कार्यकाल के दौरान उसके पुलिस स्टेशन के इलाके के लोग उसके काम से कितने खुश थे।

## मॉल में देह व्यापार रैकेट चलाने के आरोप में महिला गिरफ्तार



**नवी मुंबई :** महाराष्ट्र के नवी मुंबई के वाशी इलाके में लोकप्रिय मॉल में संचालित स्पा केंद्र से देह व्यापार का रैकेट चलाने के आरोप में 40 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया है गया है। मानव तस्करी रोधी इकाई के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पृथ्वीराज घोरपड़े ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मगलवार शाम को एक नकली ग्राहक को स्पा केंद्र में भेजा। वहां उन्हें 20 वर्ष की दो महिलाएं मिलीं। दोनों को देह व्यापार के लिए बाध्य किया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 370, और 506 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## नशीली दवाओं के तस्करों को पकड़ने गई पुलिस पर भीड़ का हमला

## महिला कांस्टेबल घायल, 3 आरोपी गिरफ्तार

**महाराष्ट्रः** नशीली दवा तस्करों के हौंसले कितने बुलंद हो गए हैं, इसका जीता जागता उदाहरण छापेमारी से लिए गई टीम पर हुए हमले से लाया जा सकता है। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस लगातार नशीली दवाओं के तस्करों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रही है। इसी सिलसिले में ठाणे जिले भयंदर इलाके में नशीली दवाओं के कारोबार की सूचना के बाद तलाशी के लिए पुलिस की टीम वहां



पहुंची। इस दौरान अचानक भीड़ ने सर्च ऑपरेशन के लिए आई टीम पर हमला बोल दिया। गुरुवार को पुलिस अधिकारी ने मामले की जानकारी दी। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना मंगलवार रात धावगी इलाके में हुई। जहां नशीली दवाओं के तस्करों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम गई थी। इस दौरान अचानकर भीड़ ने पुलिस पर हमला बोल दिया। घटना के बाद पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। गौरतलब है कि इस हमले में टीम में मौजूद महिला कांस्टेबल को चोट आई, जो अभी अस्पताल में भर्ती हैं।

### पुलिस टीम पर हमले के आरोप में तीन गिरफ्तार

मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने बाद में घटना में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि उनकी पहचान अब्बास अली मिर्जा, अंकुर भारती और राजू गौतम के रूप में हुई है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### तस्करों के समर्थकों ने पुलिस टीम पर बोल दिया धावा

उत्तान सागरी पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि 15 से 20 लोगों के एक समूह ने मीरा भयंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के एंटी-नारकोटिक्स सेल (एएनसी) की एक पुलिस पार्टी पर हमला किया। जब वह एक गुप्त सूचना के आधार पर ड्रग तस्करों को पकड़ने के लिए रात नौ बजे के आसपास उनके इलाके में गई थी। । पुलिस टीम में एक महिला कांस्टेबल समेत पांच लोग शामिल थे, जिन्हें उपद्रवियों ने बांस से पीटा। उन्होंने कहा, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है और फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि हमले में टीम के अन्य सदस्यों को भी चोटें आईं।

## बॉम्बे हाई कोर्ट की जनता से अपील

## 'अवैध बैनरों को प्रोत्साहित न करें...'

**मुंबईः** बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को फुटपाथों, पेड़ों और स्ट्रीट लाइटों पर लगाए गए होर्डिंग्स और बैनरों पर दुख व्यक्त किया और आम जनता से ऐसे गैरकानूनी कृत्यों को प्रोत्साहित नहीं करने की अपील की।अदालत ने कहा कि समस्या की प्रकृति और जिस तरह से सड़कों और फुटपाथों को कवर करते हुए ये होर्डिंग्स और बैनर लगाए जा रहे हैं, उसे ध्यान में रखते हुए, कुछ करने की जरूरत है, ''न केवल निगम और सरकार के स्तर पर बल्कि सरकार के स्तर पर भी।'' आम जनता का उदाहरण भी।''मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय की पीठ ने कहा, ''यह हमें आम जनता और हर व्यक्ति से अपील करता है कि वे स्थिति से उबरें और ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल न हों जो अवैधता को बढ़ावा देती हो और दूसरों को नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखती हो।'' न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर ने कहा।''किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह को, चाहे वह राजनीतिक दल हो या वाणिज्यिक संगठन या कोई धार्मिक समूह, कानूनी रूप से सार्वजनिक स्थानों जैसे फुटपाथ, सड़क आदि का उपयोग अपने व्यक्तिगत लाभ और विज्ञापनों के लिए विशेष रूप से खतरों को ध्यान में रखते हुए करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। ऐसे होर्डिंग्स और बैनरों से पैदल चलने वालों और सड़क के अन्य उपयोगकर्ताओं को परेशानी होती है, ''अदालत ने अपने आदेश में कहा।न्यायाधीशों ने कहा कि यह ''समझ से परे है कि कैसे



लोगों का कोई समूह स्ट्रीट लाइट पर बैनर लगाने की स्वतंत्रता ले सकता है''।अदालत अवैध होर्डिंग हटाने पर अदालत के आदेशों का पालन न करने पर अधिकारियों के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बीएमसी ने अदालत को सूचित किया कि उसने कुल 10,839 राजनीतिक होर्डिंग्स, 4,551 वाणिज्यिक होर्डिंग्स और 32,481 अवैध होर्डिंग्स हटा दिए हैं। बीएमसी के वकील अनिल सखारे ने कहा कि उन्होंने 410 अवैध होर्डिंग्स के बारे में पुलिस को जानकारी भेजी थी, जिसके परिणामस्वरूप 22 एफआईआर दर्ज की गईं। सखारे ने कहा कि बीएमसी ने वार्ड स्तर पर निर्देश जारी किए हैं कि केवल अनुमति वाले संगठनों के लिए होर्डिंग की अनुमति दी जाए, जिन्हें क्यूआर कोड के माध्यम से ट्रैक किया जाएगा।



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### इसरो का अगला चरण...

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गत शनिवार को तीसरी पीढ़ी का मौसम संबंधी उपग्रह इनसैट-3डीएस सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। इसे एक बड़ी उपलब्धि के रूप में सराहा गया। यह उपग्रह मौसम के पूवार्नुमान की भारत की क्षमता बढ़ाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी इंजन के समस्यामुक्त प्रदर्शन से रोमांचित थी। उपग्रह को ले जाने वाले जीएसएलवीएफ14 रॉकेट में तीसरे चरण का क्रायोजेनिक इंजन लगा था। भारत ने चार दशक तक स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन तैयार करने के लिए संघर्ष किया है। इस परिपक्व और अच्छे प्रदर्शन का देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम पर सकारात्मक प्रभाव तो पड़ेगा ही, साथ ही इससे सैन्य क्षमताओं को भी नए आयाम मिल सकते हैं। क्रायोजेनिक इंजन में तरल गैसों (प्रायः हाइड्रोजन और ऑक्सीजन) के मिश्रण का इस्तेमाल किया जाता है जो ढोए जा रहे भार को तीव्र गति प्रदान करती हैं। ये रॉकेट ज्यादा भार को तेजी से ऊपर ले जाते हैं। तरल हाइड्रोजन और ऑक्सीजन को बहुत कम तापमान पर अलग-अलग भंडारित किया जाता है। इन्हें साथ मिलाने पर जबरदस्त विस्फोट उत्पन्न होता है। तापमान के अंतर का प्रबंधन और भंडारण टैंक में विस्फोट होने से रोकना आसान नहीं है। इन तकनीकी दिक्कतों से निपटने के लिए बेहतरीन डिजाइन की आवश्यकता होती है और साथ ही पदार्थ विज्ञान की अच्छी समझ भी जरूरी है। भारत समेत केवल छह देश हैं जिनके पास यह क्षमता है। भारत ने रूस के इंजनों के साथ शुरूआत की थी। बहरहाल यह दोहरी तकनीक है क्योंकि इसका सैन्य इस्तेमाल भी संभव है। पोकरण-2 और भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के मिसाइल कार्यक्रम को देखते हुए अमेरिका ने इस क्षेत्र में शोध एवं विकास को बाधित करने का निरंतर प्रयास किया है। रूस ने भी तकनीक हस्तांतरित नहीं की, हालांकि उसने बीते वर्षों में छह इंजन अवश्य दिए। इसरो को रिवर्स इंजीनियरिंग को अपनाना पड़ा और नई प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। पहले 15 प्रक्षेपण में चार बार पूरी तरह और दो बार आंशिक स्तर पर नाकामी झेलनी पड़ी। इस 16वें प्रक्षेपण के बाद माना जा रहा है तकनीक में स्थिरता आई है। इस इंजन को पहले इसरो के भीतर 'नॉटी बॉय' का नाम दिया गया था लेकिन अब उसे 'स्मार्ट बॉय' कहकर पुकारा जा रहा है। यह इंजन पृथ्वी की निचली कक्षा में 6,000 किलोग्राम तक का भार ले जा सकता है जबकि ऊपरी कक्षा में यह करीब एक तिहाई भार ले जा सकता है। ध्यान रहे इनसैट-3डीएस का वजन करीब 2,275 किलोग्राम है। इससे भविष्य के मंगल या चंद्र अभियानों की जटिलता कम होगी। यह अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना में भी मदद कर सकता है। इसके तात्कालिक वाणिज्यिक असर भी हैं।

उदाहरण के लिए चूंकि यह अधिक भार को उच्च कक्षा में ले जा सकता है इसलिए भारत वैश्विक उपग्रह कारोबार में अहम हिस्सेदार बन सकता है। इसरो के अलावा निजी क्षेत्र की स्टार्टअप भी क्रायोजेनिक इंजन तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं और वे अलग-अलग डिजाइन के साथ प्रयोग कर रहे हैं। इनसैट-3डीएस, पहले के दो इनसैट के साथ समुद्र में अधिक दूरी को दायरे में लेगा। अगला मिशन है एनआईएसएआर (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) उपग्रह को प्रक्षेपित करना। यह इसरो और नासा के बीच सहयोग के साथ अंजाम दिया जा रहा है और जीएसएलवीएफ 14 का सबसे प्रतिष्ठित मिशन है। इसरो डीआरडीओ के साथ तथा एरोस्पेस अधिनियम के बाद निजी क्षेत्र के साथ तकनीक साझा कर सकता है। भारत के एरोस्पेस क्षेत्र ने अब पदार्थ विज्ञान संबंधी क्षमताएं विकसित कर ली हैं जिसकी मदद से कई उपयोग संभव हैं। अंतरिक्ष में अधिक भार ले जाने की क्षमता का अर्थ है संचार में और मजबूती। इसमें सैन्य संचार शामिल है। क्रायोजेनिक इंजन ईंधन का इस्तेमाल करने में समय लेते हैं इसलिए मिसाइल में इनका इस्तेमाल नहीं हो सकता है क्योंकि उन्हें तुरंत दागना होता है। अंतरमहाद्वीपीय क्षमता वाली आधुनिक बैलिस्टिक मिसाइल भी सेमी-क्रायोजेनिक इंजन का इस्तेमाल करती हैं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok
#faisalrokthok

# मुंबई की मीरा रोड पर नहीं होगी बीजेपी विधायक टी राजा सिंह की रैली...





**मुंबई :** पिछली महीने की 21 जनवरी को हिंसा की वजह से पूरे देश की सुर्खियों में आई मीरा रोड पर बीजेपी विधायक टी राजा सिंह की रैली नहीं होगी। मीरा भायंदर वसई-विरार पुलिस ने तेलंगाना बीजेपी के फायरब्रांड नेता और विधायक की रैली को अनुमति देने से इंकार कर दिया है। टी राजा सिंह ने पहले 19 फरवरी छत्रपति शिवाजी की जयंती के मौके पर मीरा रोड के दौरे का ऐलान किया था, लेकिन बाद में टी राजा सिंह ने दौरे को रद्द कर दिया था। इसके पीछे की वजह पीएम मोदी के प्रस्तावित दौरा था। इसके बाद टी राजा सिंह ने 25 फरवरी को रैली का ऐलान किया था। सूत्रों के हवाले से जो जानकारी सामने आई है। उसके अनुसार पुलिस ने राजा सिंह की रैली को अनुमति देने से मना कर दिया है, हालांकि राजा सिंह की ओर से मीरा रोड आने की बात कही गई है। उन्होंने कहा है कि कुछ भी हो जाये 25 फरवरी को मीरा रोड आऊंगा, लेकिन पुलिस की अनुमति नहीं देने से रैली होने की संभावना खत्म हो गई है।

**पठान को किया था अरेस्ट**

टी राजा सिंह अक्टक्ट के गढ़ हैदराबार की गोशामहल सीट से तीसरी बार चुने गए हैं। वे अपने भाषणों के लिए चर्चा में रहते हैं। कुछ साल पहले फेसबुक ने उन्हें हेट स्पीच के चलते बैन कर दिया है तब राजा सिंह ने कहा था कि उनका फेसबुक पर कोई अकाउंट नहीं है। पिछले दिनों जब टी राजा सिंह महाराष्ट्र के सोलापुर आए थे तो वहीं पर तनाव हो गया था। 15 फरवरी के बाद टी राजा सिंह ने मीरा रोड के दौरे का ऐलान किया था। पुलिस ने पिछले दिनों AIMIM के पूर्व विधायक वारिस पठान को भी मीरा रोड नहीं जाने दिया था। पुलिस ने उन्हें दहिसर से आगे बढ़ने पर अरेस्ट कर लिया था और काफी देर बाद छोड़ा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार टी राजा सिंह की रैली के लिए एक आवेदन प्रप्त हुआ था। पुलिस ने अनुमति देने से मना कर दिया है। पुलिस ने भड़काऊ भाषण की संभावना को देखते हुए परमिशन देने से मना किया है।

# रेलवे स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार के लिए 550 अमृत भारत स्टेशनों



**मुंबई :** लोकल ट्रेनों से आवाजाही करने वालों की आसानी और स्टेशन को और सुविधाजनक बनाने के लिए रेलवे मुंबई के 20 स्टेशन का कायापलट करने वाली है। इन 20 स्टेशन पर -497 करोड़ खर्च किए जाएंगे। दिसंबर, 2024 तक सभी स्टेशनों का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के 556 स्टेशन के पुनर्विकास परियोजना की आधारशिला रखेंगे। स्टेशनों के अलावा पूरे देश के करीब 1500 रोड ओवर ब्रिज और रोड अंडर ब्रिज (RUB) का भी उद्घाटन होगा। 'अमृत भारत' स्टेशन परियोजना के तहत देशभर के 1309 रेलवे स्टेशनों को पुनर्निर्मित कर उन्हें विश्व स्तरीय टर्मिनलों में बदला जाएगा।

मुंबई के स्टेशनों को मिलाकर महाराष्ट्र के 56 स्टेशनों को इस योजना में शामिल किया गया है। इसी तरह राज्यभर के कुल 175 ROB और फ्वइ का भी उद्घाटन होगा। महाराष्ट्र की परियोजनाओं के लिए -2,274 करोड़ खर्च होंगे। इस साल के बजट में महाराष्ट्र को 15,554 करोड़ का रिकॉर्ड आवंटन मिला है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनावों के अलावा विधानसभा और मुंबई मनपा चुनाव भी होने हैं। ऐसे में, केंद्र सरकार स्टेशनों के पुनर्विकास पर बड़ी रकम खर्च कर लोगों को लुभाना चाहती है।

**मध्य रेलवे:** भायखला, सैंडहर्स्ट रोड, चिंचपोकली, वडाला रोड, माटुंगा, कुर्ला, विद्याविहार, मुंब्रा, दिवा, शहाड, टिटवाला और इगतपुरी।

**पश्चिम रेलवे:** मरीन लाइंस, चरनी रोड, ग्रांट रोड, लोअर परेल, प्रभादेवी, जोगेश्वरी, मालाड और पालघर।

## निर्माणधीन इमारत से गिर कर मजदूर की हुई मौत



**नालासोपारा :** अचोले पुलिस स्टेशन क्षेत्र के शमशान भूमि के पास बन रही निर्माणधीन इमारत से से गिरकर 36 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। किरण डेवलेपर द्वारा बनाई जा रही विटकान पैराडाइज इमारत पर रविवार देर शाम रोहित उर्फ.साई राम भालेराव काम कर रहे थे। तभी वह जमीन पर गिर गय और उनकी मौर हो गई बताया जा रहा है कि बिल्डर द्वारा मजदूर को किसी भी प्रकार की सेफ्टी नहीं दीं गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मीरा रोड पूर्व में ड्रग्स के साथ नाइजीरियन गिरफ्तार



**नायगांव :** एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड, क्राइम ब्रांच की टीम ने मीरा रोड पूर्व क्षेत्र से एक 34 वर्षीय नाईजीरियन के पास से लाखों रुपए अवैध मादक पदार्थ (मफेड्रॉन-ड्रग्स) की खेप बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है। इस विषय में काशिमीरा पुलिस स्टेशन ने नाईजीरियन के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की जाँच में जुट गयी है। मिली जानकारी के अनुसार, एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड, क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर हाटकेश चौक, काशिमीरा, मीरा रोड पूर्व में 34 वर्षीय नाईजीरियन (ओचीअंबुओ चिनोन्सो क्रिश) के पास से 22.4 ग्राम वजन मफेड्रॉन-ड्रग्स बरामद किया। जिसकी कुल कीमत-4,46,000 रुपए बताई गई है।

# झड़प में घायल छात्र की मौत, भिवंडी में तनाव...



**भिवंडी :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी शहर के कुछ इलाकों में एक 17 साल के लड़के की मौत के बाद अचानक तनाव का माहौल पसर गया। बताया जा रहा है कि यहां दो समूहों के बीच झड़प के चलते एक किशोर घायल हो गया था, जिसकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान संकेत भोसले के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार मृतक के रिश्तेदारों और उनके समर्थकों ने धमनकर नाका और आसपास के इलाकों में कुछ दुकानों को जबरन बंद करवा दिया था। मामला 14 फरवरी का है जब मृतक भोसले और कैलास धोत्रे चलते समय गलती से एक-दूसरे से टकरा गए और विवाद शुरू हो गया था। फिलहाल, इस मामले में क्रॉस शिकायतें दर्ज की हैं और हत्या के प्रयास सहित अन्य आरोपों के तहत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित की मौत के बाद एफआईआर में धारा 302 (हत्या की सजा) जोड़ दी गई है।



# प्लास्टिक से निजात लिए केडीएमसी ने सुझाए उपाय



**कल्याण** : डोंबिवली नगर निगम, पर्यावरण सतर्कता बोर्ड और ऊर्जा फाउंडेशन डोंबिवली के सहयोग से इको ब्रेक संग्रह पहल, आज के युग में प्लास्टिक के उत्पादन/उपयोग के कई गंभीर परिणाम सामने आ रहे हैं। हम प्लास्टिक से बचने की कितनी भी कोशिश कर लें, दूध की थैलियां, चॉकलेट, चिप्स, कोल्ड ड्रिंक की बोतलें और बिस्कुट के जरिए हर घर में प्लास्टिक का इस्तेमाल होता है। हालाँकि इस तरह से प्लास्टिक के उपयोग से बचना संभव नहीं है, लेकिन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के उपायुक्त अतुल पाटिल के मार्गदर्शन में इस विचार से एक कदम आगे बढ़ते हुए कि कचरे में गए बिना प्लास्टिक को कैसे रिसाइकल किया जा सकता है। नगर निगम ठोस अपशिष्ट विभाग, पर्यावरण सतर्कता बोर्ड और ऊर्जा फाउंडेशन के सहयोग से। ''माजी वसुंधरा अभियान'' के तहत तिलकनगर विद्यामंदिर, शिवाई बालक मंदिर (प्राथमिक) और श्री गणेश विद्यामंदिर स्कूलों से ''इको ब्रेक कलेक्शन'' की गतिविधि की गई।

# एनएमएमसी ने 4,950 करोड़ का अधिशेष बजट पेश किया

**मुंबई** : बुधवार को पेश किए गए नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) बजट के मुख्य आकर्षण किसी भी कर की दर में कोई वृद्धि नहीं, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और उपग्रह शहर के सौंदर्यीकरण के अलावा लंबे समय से लंबित परियोजनाओं को पूरा करने पर जोर देना था। 2024-25 के 4,950 करोड़ रुपये के अधिशेष बजट को लगातार चौथे वर्ष आम निकाय की मंजूरी की आवश्यकता नहीं होगी क्योंकि नागरिक निकाय में 2020 के बाद से कोई चुनाव नहीं हुआ है।बजट पेश करते हुए एनएमएमसी आयुक्त राजेश नार्वेकर ने कहा कि नगर निकाय ने कोई कर नहीं बढ़ाकर नागरिकों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। ''यह एक व्यावहारिक और कल्याण-उन्मुख



बजट है जिसमें स्वच्छता, पर्यावरण, परिवहन और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर प्रमुख जोर दिया गया है। चल रही परियोजनाओं को गति दी जाएगी और गुणवत्ता से समझौता किए बिना समय पर पूरा किया जाएगा, ''नार्वेकर ने कहा।

नियोजित परियोजनाओं में लंबे समय से लंबित घनसोली-ऐरोली क्रीक ब्रिज शामिल है, जबकि नई इलेक्ट्रिक बसें, एक स्वच्छता पार्क और अग्नि बुनियादी ढांचे का उन्नयन बजट की मुख्य विशेषताएं हैं।यह कहते हुए कि एनएमएमसी द्वारा रिकॉर्ड पर नहीं संपत्तियों की पहचान करने के लिए शुरू किया गया लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग (एलआईडीएआर) सर्वेक्षण पूरा हो गया है, नार्वेकर ने कहा कि इससे नागरिक निकाय को इस वित्तीय वर्ष में 800 करोड़ संपत्ति कर का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी जो बढ़कर हो जाएगा। अगले वित्तीय वर्ष में 900 करोड़ रु. शहर में पानी की कमी का सामना करने पर, नगर आयुक्त ने कहा, ''बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कुछ पानी अन्य शहरों को दिया जा रहा है, क्योंकि उनके पास एनएमएमसी जैसा पानी का स्त्रोत नहीं है। नवी मुंबई के तृतीयक उपचार संयंत्रों से अगले वित्तीय वर्ष के अंत तक उद्योगों को लगभग 40 एमएलडी उपचारित पानी की आपूर्ति की जाएगी, जिससे पीने योग्य पानी की बचत होगी। भविष्य में पानी की आवश्यकता 500 एमएलडी से बढ़कर 950 एमएलडी होने की संभावना के साथ, नागरिक निकाय ने पहले ही सरकार से भीरा जलविद्युत परियोजना, पातालगंगा नदी के पानी और कुंडलिका नदी के पानी से अधिक पानी लेने के लिए संपर्क किया है।

# कचरे से पेवर ब्लॉक और टाइल्स बनाएगी मनपा

## महालक्ष्मी और गोराई कचरा संकलन सेंटर पर शुरू होगा प्रयोग

**मुंबई** : मनपा प्रशासन ने महालक्ष्मी और गोराई कचरा संकलन केंद्र पर जमा होने वाले कचरे से मनपा पेवर ब्लॉक और टाइल्स तैयार करेगी। महालक्ष्मी पर 650 मीट्रिक टन और गोराई में 350 मीट्रिक टन कचरा प्रतिदिन इकट्ठा होता है। इन केंद्रों पर मनपा बायोगैस निर्माण की भी योजना बना रही है। मनपा कचरा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि इन केंद्रों का कायापलट करने की तैयारी है। यहां सूखा और गीला कचरा अलग अलग इकट्ठा किया जाता है। हमारी योजना है कि जल्द ही यहां कचरे से पेवर ब्लॉक और टाइल्स बनाई जायेगी। मनपा ने



कचरे से टाइल्स और पेवर ब्लॉक बनाने के लिए टेंडर मंगाया है। कचरे का इस्तेमाल वस्तु बनाने में किए जाने से कचरे को डंपिंग ग्राउंड में फेंकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मनपा ने इन दो स्थानों पर गीले कचरे से बायोगैस बनाने की भी योजना तैयार की है। बता दें कि मुंबई में प्रतिदिन 6000 मीट्रिक टन से अधिक कचरा जमा होता है। उसमें से करीब 2000 टन से अधिक कचरा इन दो केंद्रों से डंपिंग ग्राउंड पर जाता है। मनपा अधिकारी ने बताया कि महालक्ष्मी और गोराई कचरा संकलन सेंटर पर प्रोसेस कर पेवर ब्लॉक और टाइल्स बनाने की योजना सफल रही तो अन्य संकलन केंद्रों पर भी यह शुरू किया जाएगा। मनपा ने 20 हजार वर्ग मीटर से बड़ी अथवा 100 किलो से ज्यादा कचरा पैदा करने वाली सोसायटियों को वर्ष 2017 में उसी स्थान पर कचरा का निपटान करने का निर्देश दिया था। लेकिन पिछले 4 साल से यह प्रक्रिया बंद है।

# फ्लैट दिलाने के नाम पर ठग बाज ने लगाया आठ लाख का चुना

**नालासोपारा** : सांताक्रुज के रहने वाले दो लोगों से नालासोपारा पूर्व स्थित अचोले में फ्लैट दिलाने के नाम पर पांच लोगों ने आठ लाख की ठगी की हैं। अचोले पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार सांताक्रुज वकोला स्थित जय महाराष्ट्र चाल में रहने वाले संजय अर्जुन शर्मा (45) ने पुलिस को बताया कि जुलाई 2023 में वह अपने जानने वाले धनराज जावले के साथ नालासोपारा में फ्लैट खरीदने आए थे। इस बीच विनोद




चौबे, सुमित दुबे, शुभम मिश्रा, राजन वर्मा व अभय मिश्रा से उनकी मुलाकात हुई। उन्होंने कहा कि उनके पास सस्ते फ्लैट है। इसके बाद पाँचों ने संजय शर्मा से तीन जावले से पांच लाख रुपए ले लिए और उन्हें न तो फ्लैट दिया और न ही उन के पैसे लौटाए।

# नागपुर में पत्नी ने खाना बनाने से किया मना... पति ने बच्चों सहित पत्नी को बांधकर दी धमकी

**नागपुर** : महाराष्ट्र के नागपुर शहर के ओम नगर में एक हाई-वोल्टेज ड्रामा सामने आया जब एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और दो बच्चों को बंधक बना लिया। रंजन शाओ के रूप में पहचाने जाने वाले व्यक्ति ने खाना न पकाने पर अपनी पत्नी के साथ बहस के बाद गैस सिलेंडर को उड़ाने की धमकी भी दी। पुलिस द्वारा शाओ को पकड़ने से पहले यह नाटक लगभग दो घंटे तक जारी रहा। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है.कथित तौर पर शाओ का अपनी पत्न ी से तब झगड़ा हुआ जब उसने खाना बनाने से इनकार कर दिया। इस बात से नाराज होकर उसने अपनी पत्नी और दो नाबालिग बच्चों को बंधक बना लिया. उसने अपने घर के रसोई गैस सिलेंडर का रेगुलेटर पाइप खोला और हाथ में माचिस लेकर उसे चालू कर दिया। उसने गैस सिलेंडर जलाकर उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद शाओ की इमारत के




निवासियों ने पुलिस को बुलाया।

सूचना मिलने पर वरिष्ठ निरीक्षक प्रवीण पांडे और एसीपी संतोष खांडेकर सहित कोराडी पुलिस स्टेशन की एक टीम मौके पर पहुंची। सबसे पहले, पुलिस ने यह सुनिश्चित किया कि शाओ और उसके परिवार को छोड़कर सभी निवासियों को इमारत से बाहर निकाल दिया गया। फायर ब्रिज की एक टीम को इमारत के बाहर स्टैंडबाय पर रखा गया था।शाओ को समझाने के लिए पुलिस ने एक बुजुर्ग व्यक्ति को भेजा. लेकिन शाओ ने उसे भी बंधक बना लिया. वह पुलिस की गतिविधियों पर भी नजर रख रहा था. इसके बाद पुलिस ने बुजुर्ग व्यक्ति की बेटी से कहा कि वह शाओ से अपने घर का दरवाजा खोलने का अनुरोध करे ताकि उसके पिता वहां से निकल सकें। इसी बीच वे वहां से निकल रहे थे तो पुलिस ने कार्रवाई की. ''रंजन की-होल से देख रहे थे, तभी वरिष्ठ नागरिक की बेटी ने उन्हें एक बार दरवाजा खोलने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि उनके पिता को बाहर आने दिया जाना चाहिए, यह वादा करते हुए कि पुलिस और अन्य लोग जा रहे हैं।'' शाओ द्वारा कीहोल के माध्यम से देखे जाने से बचने के लिए कुछ पुलिसकर्मी दरवाजे के बाहर जमीन पर बैठे थे। ''जब शाओ ने थोड़ा सा दरवाजा खोला, मैं और मेरा अधिकारी कमरे में घुस गए। हम अंदर घुस गए और शाओ पर हमला कर उसे काबू कर लिया। उसके पास से माचिस की तीलियाँ छीन ली गई थीं। फायर ब्रिगेड के कर्मचारी भी अंदर घुसे और सिलेंडर को ढक दिया और अंदर की हवा को साफ किया कमरा, ''पांडे ने कहा।

# 40 वर्षीय महिला से ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग धोखाधड़ी!

## नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज




**नवी मुंबई** : महाराष्ट्र पुलिस ने नवी मुंबई में एक 40 वर्षीय महिला से ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग धोखाधड़ी मामले में नौ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि महिला से ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग में कथित तौर पर 1.92 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई। पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बताया गया कि आरोपियों ने महिला से उच्च रिटर्न का वादा किया था।

जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने न्यू पनवेल की रहने वाली महिला से उसके निवेश पर उच्च रिटर्न का वादा किया और उसे ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग में शामिल किया।

साइबर पुलिस थाना के वरिष्ठ निरीक्षक गजानन कदम ने बताया कि महिला ने दिसंबर 2023 से आरोपी के कहने पर विभिन्न बैंक खातों में 1,92,82,837 रुपये की राशि भेज दी, लेकिन बाद में उसे पैसा वापस नहीं मिला। महिला ने जब इस पर आरोपितों से सवाल किया, तो उसे कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मंगलवार को नौ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया।

# 12वीं परीक्षा के पहले दिन नकल के 58 मामले



**नवी मुंबई** : राज्य शिक्षण मंडल द्वारा आयोजित बारहवीं कक्षा की परीक्षा के पहले दिन कॉपी के 58 मामले सामने आए है। इनमें छत्रपति संभाजीनगर में सबसे ज्यादा 26 गड़बड़ियां सामने आईं, जबकि पुणे में 15 गड़बड़ियां सामने आईं। राज्य बोर्ड 21 फरवरी से 23 मार्च तक 12वीं की परीक्षा लिए जा रहे है। बुधवार को अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। परीक्षा के दौरान कॉपी रोकने के लिए राज्य बोर्ड नकल मुक्त अभियान चला रहा है साथ ही 271 स्कोड नियुक्त की गई हैं। राज्य शिक्षण मंडल के तरफ से बताया गया है कि जिला स्तर पर भी भरारी की अलग-अलग टीमें परीक्षा केंद्रों का दौरा करेंगी।



# लोकसभा चुनाव में मुंबई की सभी 6 सीटों पर महायुती लहराएगी विजय पताका



**मुंबई** : महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दस साल में एक दिन भी घर नहीं बैठे हैं। दौरान एक मजबूत भारत का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा यह ट्रेलर, पिक्चर अभी बाकी है डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने ये बात बुधवार को मुंबई में भाजपा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। भाजपा का ये कार्यकर्ता सम्मेलन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अधयक्ता में आयोजित किया गया था।इस मौके पर महाराष्ट्र डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने दावा किया कि मुंबई लोकसभा की सभी 6 सीटों पर महायुती विजय पताका लहराएगी। उन्होंने कहाभाजपा सत्ता का उपभोग नहीं बल्कि भारत को विकसित राष्ट्र, आर्थिक महासत्ता और विश्व गुरु बनाना चाहती है।डिप्टी सीएम ने कहा पिछले 10 वर्षों में देश ने सुरक्षा, विकास और सुशासन के मामले में तेजी से विकास किया है। विश्व भर में भारत के सर्वांगीण विकास और बढ़ते सम्मान को देश की जनता महसूस कर रही है। इसके साथ ही देवेंद्र फडणवीस ने कहा 25 साल में उद्धव ठाकरे ने मुंबई के लिए क्या किया? जब चुनाव आता है तो उनका एक ही संवाद होता है कि मुंबई को महाराष्ट्र से अलग कर दो। अगर किसी के बाप का बाप भी महाराष्ट्र से मुंबई आ जाए तो भी वह इसे नहीं तोड़ पाएगा।उन्होंने उद्धव ठाकरे की आलोचना करते हुए कहा है कि बातचीत बदलनी चाहिए। उन्होंन सवाल किया. 25 साल में उद्धव ठाकरे ने मुंबईकरों के लिए क्या किया? इसके साथ ही देवेंद्र फडणवीस ने भाजपा के हर कार्यकर्ता को अगले 100 दिनों तक दिन रात मेहनत करने का आ''ान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एक मजबूत सरकार बनाने में कार्यकताओं की मेहनत महत्वपूर्ण होगी। क्योंकि भाजपा कार्यकर्ता ही संगठन के आधार स्तंभ और शक्ति है।''

# सामुदायिक रसोई चलाने की मांग पर आदेश देने से उच्चतम न्यायालय का इनकार

## कहा- पहले से ही हो रही कल्याणकारी योजनाएं लागू



**नई दिल्ली** : उच्चतम न्यायालय ने भूख और कुपोषण से निपटने के लिए सामुदायिक रसोई स्थापित करने की योजना बनाने की मांग वाली याचिका पर कोई भी निर्देश देने से गुरुवार को यह कहते हुए इनकार कर दिया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) और अन्य केन्द्र एवं राज्य द्वारा कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि वैकल्पिक कल्याण योजनाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए यह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए खुला है। पीठ ने कहा, ''लोगों को किफायती मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में भोजन की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भारत संघ और राज्यों द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और अन्य कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं। हम इस संबंध में कोई और निर्देश जारी करने का प्रस्ताव नहीं करते हैं।''

**'हमने सामुदायिक रसोई को लेकर की है जांच'**

पीठ ने अपने आदेश में कहा कि हमने इस बात की जांच नहीं की है कि क्या सामुदायिक रसोई की अवधारणा एनएफएसए के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए राज्यों के लिए बेहतर या समझदार विकल्प है। इसके बजाय, हम वैकल्पिक कल्याण योजनाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए इसे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए खुला छोड़ देंगे।

# छात्रों का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में बस सहायक गिरफ्तार



**ठाणे** : एक नामचीन स्कूल के विद्यार्थियों की पिकनिक टूर के दौरान छात्राओं को गलत ढंग से छूने के आरोप में बस अटेंडेंट जावेद मोहमद खान (27) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले को लेकर अक्रोशित अभिवावकों ने पुलिस थाने में जमकर हंगामा किया था। आरोपी को कोर्ट ने पुलिस हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक कपूरबावडी पुलिस थाना अंतर्गत स्थित गोयनका इंटर नेशनल स्कूल द्वारा मुंबई के किड जानिया थीम पार्क के लिए एक पिकनिक ट्रिप का आयोजन किया गया था। विद्यार्थियों को बस में चढ़ने, उतरने एवं यात्रा के दौरान कुछ छात्राओं को गलत ढंग से बस अटेंडेंट द्वारा छुआ गया है, यह आरोप लगाते हुए छात्राओं के अभिवावक बुधवार की सुबह पुलिस थाने पहुंच गए और बस अटेंडेंट को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस फौरन एक्शन में आ गई और बस अटेंडेंट जावेद को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जावेद को कोर्ट ने अधिक पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने जिस बस के अटेंडेंट को गिरफ्तार किया गया है, वह बस एडवेंचर टूर्स एंड ट्रेवल्स की बताई जा रही है।

# हीरानंदानी ग्रुप के ठिकानों पर ईडी रेड: मुंबई-ठाणे समेत यहां-यहां छापे को पहुंची टीम...



**मुंबई** : देश के जाने-माने उद्योगपति निरंजन हीरानंदानी के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रेड हुई है. गुरुवार (22 फरवरी, 2024) को यह छापेमारी फेमा उल्लंघन केस में की गई. ऐसा बताया गया कि ईडी का दस्ता महाराष्ट्र में उनके मुंबई और ठाणे सहित कई ठिकानों पर पहुंचा और वहां छापेमारी की कार्रवाई की गई. कथित विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले के सिलसिले में ईडी ने ये छापेमारी की है. विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत नियमों के कथित उल्लंघन को लेकर हीरानंदानी ग्रुप के प्रमुख कार्यालयों सहित मुंबई में कुछ जगहों पर तलाशी ली गई.

निरंजन हीरानंदानी के बेटे दर्शन हीरानंदानी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा से जुड़े 'कैश फॉर क्वेरी' मामले में सुर्खियों में आए थे. हालांकि कहा जा रहा है कि ये रेड महुआ मोइत्रा मामले में नहीं पड़ी है. बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को एक लिखित शिकायत में महुआ मोइत्रा पर संसद में सवाल पूछने के बदले दर्शन हीरानंदानी से पैसे और महंगे उपहार लेने का आरोप लगाया था. जिसके बाद जमकर बवाल हुआ था और महुआ मोइत्रा को अपनी सांसदी से हाथ धोना पड़ा. इससे पहले साल 2022 में इनकम टैक्स ने हीरानंदानी ग्रुप के 25 परिसरों पर छापेमारी की थी. जिसमें मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई के ऑफिस शामिल थे. ये छापेमारी संदिग्ध टैक्स चोरी के मामले को लेकर की गई थी. दर्शन के पिता निरंजन हीरानंदानी और सुरेंद्र हीरानंदानी ने 1978 में रियल एस्टेट का व्यापार शुरू किया था. इस कंपनी का मुख्यालय मुंबई में स्थित है. ये बिजनेस ग्रुप भारत के रियल स्टेट डेवलपर्स ग्रुप्स में से एक है. हीरानंदानी ग्रुप की मुंबई के अलावा, चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद में भी कई रियल स्टेट परियोजनाएं हैं.

# नवी मुंबई में परीक्षा के दिन 12वीं कक्षा का छात्र हुआ लापता... पुलिस ने दर्ज किया अपहरण के तहत केस



**ठाणे** : महाराष्ट्र में नवी मुंबई का एक 17 वर्षीय लड़का 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने के लिए घर से निकलने के बाद कथित तौर पर लापता हो गया है। इस घटना की जानकारी पुलिस ने गुरुवार को दी। रबाले पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि लड़का परीक्षा देने के लिए वाशी के एक कॉलेज जाने के लिए बुधवार सुबह करीब 8.45 बजे घनसोली इलाके में अपने घर से निकला था। उन्होंने बताया कि वह देर रात तक घर नहीं लौटा जिसके बाद उसके माता-पिता ने उसकी तलाश की और बाद में पुलिस से संपर्क किया। अधिकारी ने कहा कि लड़के के पिता की शिकायत के आधार पर, भारतीय दंड संहिता की धारा 363 (अपहरण) के तहत मामला दर्ज किया गया था और उसका पता लगाने के प्रयास अभी भी जारी हैं।

# ठाणे कुछ क्षेत्र में 23 फरवरी को पानी की सप्लाई नहीं...



**ठाणे** : नगर निगम क्षेत्र में मुंब्रा, दिवा, कलवा, माजीवाड़ा-मनपाड़ा और वागले (कुछ क्षेत्र) वार्ड समितियों में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जाती है। महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम की जल आपूर्ति योजना के तहत गुरुवार को कटाई नाका से बारवी ग्रेविटी चैनल के शाली टैंक तक तत्काल मरम्मत कार्य किया गया। जिसके कारण शुक्रवार 23 फरवरी दोपहर 12:00 बजे से 24 घंटे जलापूर्ति नहीं होगी। उक्त शटडाउन अवधि के दौरान, ठाणे नगर निगम के अंतर्गत दिवा, मुंब्रा (वार्ड संख्या 26 और 31 के भाग को छोड़कर) और कलवा वार्ड समिति और रूपादेवी पाडा, वागले वार्ड समिति में किसान नगर नंबर 2, नेहरूनगर के साथ-साथ कोलशेत खलचा गांव भी शामिल हैं।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com